जिम्मेदारी | अप्रैल में मंत्रिमंडल के समक्ष हुआ था 100 दिन, दो व पांच वर्ष की कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण

विभागों के रोडमैप की मॉनिटरिंग के लिए सेक्टरवार प्रभारी नामित

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। विभिन्न विभागों की ओर से 100 दिन, छह माह, दो और पांच वर्ष के लिए तैयार कराए गए रोडमैप की मॉनिटरिंग के लिए सेक्टरवार प्रभारी नामित कर दिए गए हैं। पिछले महीने मंत्रिमंडल के समक्ष इसका प्रस्तुतीकरण किया गया था। अब 10 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था हासिल करने का लक्ष्य तय करते हुए इस रोडमैप को धरातल पर उतारने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी को दो सेक्टरों की जिम्मेदारी सौंपी गई है जबकि अन्य अधिकारियों को एक-एक सेक्टर का जिम्मा दिया गया है।

मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र की ओर से जारी आदेश के अनुसार कृषि उत्पादन सेक्टर का प्रभारी अपर मुख्य सचिव कृ षि देवेश चतुर्वेदी को बनाया गया है। इस सेक्टर में कृषि, कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, गन्ना विकास, पशुधन, दुग्ध विकास, मत्स्य, रेशम विकास, सिंचाई एवं जल संसाधन तथा सहकारिता विभाग शामिल हैं। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास सेक्टर के प्रभारी अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त अरविंद कुमार होंगे। वे अपने विभाग के अलावा एमएसएमई तथा निर्यात प्रोत्साहन, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, ऊर्जा, अतिरिक्त ऊर्जा, आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स, नागरिक उड्डयन, लोक निर्माण, खादी एवं ग्रामोद्योग, एनआरआई तथा संस्थागत वित्त विभाग की मॉनिटरिंग करेंगे।

10 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य, अवनीश अवस्थी को दो सेक्टरों का मिला जिम्मा

- सामाजिक सुरक्षा सेक्टर के प्रभारी दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अपर मुख्य सचिव हेमंत राव होंगे। वे समाज कल्याण, महिला कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ, श्रम, खाद्य एवं रसद, उपभोक्ता संरक्षण व बांट माप विभाग की मॉनिटरिंग करेंगे।
- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेक्टर का प्रभारी चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद को बनाया गया है। वे अपने विभाग के अलावा आयुष, बाल विकास एवं पुष्टाहार तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की मॉनिटरिंग करेंगे।
- कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह ग्राम्य विकास सेक्टर के प्रभारी होंगे। वह ग्राम्य विकास, पंचायती राज, नमामि गंगे एवं जलापूर्ति, राजस्व तथा ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की मॉनिटरिंग करेंगे।
- नगर विकास सेक्टर का प्रभारी अपर मुख्य सचिव वन मनोज सिंह को बनाया गया है। वे आवास एवं शहरी नियोजन, नगर विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, पर्यावरण तथा वन एवं वन्यजीव विभाग की मॉनिटरिंग करेंगे।
- अपर मुख्य सचिव गृह एवं धर्मार्थ कार्य अवनीश कुमार अवस्थी को विविध सेक्टर तथा पर्यटन एवं संस्कृति सेक्टर का प्रभारी बनाया गया है। वे गृह, कारागार प्रशासन एवं सुधार, सचिवालय प्रशासन, कार्मिक, होमगाइर्स, संस्कृति, पर्यटन, धर्मार्थ कार्य, सूचना तथा भाषा विभाग की मॉनिटरिंग करेंगे।
- उच्च शिक्षा विभाग की अपर मुख्य सचिव मोनिका एस. गर्ग को शिक्षा सेक्टर का प्रभारी बनाया गया है। वह बेसिक, माध्यमिक, उच्च व्यावसायिक व प्राविधिक शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद व युवा कल्याण विभाग की मॉनिटरिंग करेंगी।
- राजस्व संग्रह का प्रभारी अपर मुख्य सचिव वित्त प्रशांत त्रिवेदी को बनाया गया है। वे जीएसटी, कर एवं निबंधन, आबकारी, परिवहन विभाग की मॉनिटरिंग करेंगे।